**प्रेस विज्ञप्ति**

**राज भवन, राँची**

**दिनांक : 24 जून, 2025 :-**

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज जनजातीय समाज का एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की। राज्यपाल महोदय को शिष्टमंडल ने झारखण्ड पंचायत उपबन्ध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) नियमावली 2024 के संदर्भ में ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस नियमावली को झारखण्ड राज्य में प्रभावी रूप से लागू कराने हेतु पहल करने का आग्रह किया तथा उल्लेख किया कि यह नियमावली पारंपरिक ग्राम सभाओं की भूमिका को सशक्त करती है तथा धार्मिक और सामाजिक जमीनों की सुरक्षा सुनिश्चित कर धर्मांतरण की प्रवृत्ति पर भी नियंत्रण संभव बनाती है। शिष्टमंडल ने यह भी अवगत कराया कि रुढ़िजन्य जनजाति समुदाय इस नियमावली के समर्थन में है और इसे व्यापक जनसमर्थन प्राप्त है।

शिष्टमंडल में श्री महादेव मुंडा, श्री पूर्णचन्द्र मुंडा, श्री बिरसा उरांव, श्री जलेश्वर उरांव, श्री सोमदेव उरांव, श्रीमती नूतन कच्छप, श्री सुकेन्द्र उरांव, श्री फुलदेव भगत, श्री कृष्णा भगत, श्री लालसिंह मुंडा, श्री सुरकू संगा, श्री मनोज

के० साई, श्री कृष्ण चन्द्र बोदरा, श्री लाल सिंह हेंम्ब्रम, तुरन बोइपाइ एवं श्री सुदर्शन भगत आदि अन्य सम्मिलित थे।